अपराध | बिना नंबर की स्विफ्ट कार से जब्त की गई दस पेटी शराब, एक आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

# दुर्गा चौक शराब दुकान से अवैध रूप से भेजी शराब

**नवभारत, कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक बिना नंबर की कार से काफी मात्रा में शराब जब्त की है। इस मामले में पुलिस ने एक युवक को पकड़ा है, जिसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि दो अगस्त को पुलिस द्वारा क्षेत्र में भ्रमण और संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान बाबाघाट के पास नई रेलवे लाइन पुल के नीचे एक बिना नंबर की स्विफ्ट कार संदिग्ध अवस्था में खड़ी दिखाई दी। पुलिस टीम द्वारा वाहन की जांच किए जाने पर उसमें बैठे युवक ने बताया बिक वह आधारकाप निवासी करण पिता शंकर लाल निषाद है। कार के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी संतोषजनक उत्तर नहीं दे सका और घबराकर वहां से जाने का प्रयास करने लगा। संदेह होने पर कार की डिग्गी की तलाशी ली गई, जहां खाकी रंग के 10 कार्टून



रखे मिले। प्रत्येक कार्टून में 180 एमएल के 50-50 पाव देशी मसाला शराब पाए गए। कुल 500 पाव अवैध देशी शराब जब्त की गई है। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 55 हजार रूपए आंकी गई है। पूछताछ के दौरान आरोपी करण निषाद ने बताया कि उक्त शराब भट्टा मोहल्ला निवासी गणेश निषाद के कहने पर दुर्गा चौक स्थित शासकीय अंग्रेजी शराब दुकान के पीछे से दुकान की देखरेख करने वाले मनोज शिवहरे उर्फ मामा से लेकर वाहन में रखवाई गई थी, उसे निर्धारित स्थान तक पहुंचाने के लिए कहा गया था। पता स्पष्ट डीआरआरई नहीं होने के कारण वह बाबाघाट के पास सड़क किनारे खड़ा होकर इंतजार कर रहा था। पुलिस ने दर्ज किए गए बयानों के आधार पर करण निषाद के अलावा गणेश निषाद और मनोज शिवहरे उर्फ मामा के खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है। आरोपी गणेश निषाद और मनोज शिवहरे उर्फ मामा की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस टीम आरोपियों के संभावित ठिकानों में दबिश दे रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। पुलिस ने बताया जब्त की गई शराब की कीमत लगभग 55 हजार रूपए है, और कार की कीमत लगभग दस लाख रूपए आंकी गई है। कोतवाली थाना प्रभारी राखी पाण्डेय ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों और अवैध शराब के खिलाफ पुलिस टीम लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रही है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य और नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में की गई है। कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक राखी पाण्डेय, उप निरीक्षक कुलदीप सिंह, प्रधान आरक्षक वीरेन्द्र तिवारी, उमेश सिंह, आरक्षक अजय प्रताप सिंह, मंसूर हुसैन, मोहन मण्डलोई, दिनेश सेन और अजीत सिंह की भूमिका रही। पुलिस ने बताया कि फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। आरोपियों के संभावित ठिकानों में दबिश पुलिस टीम द्वारा दी जा रही है।



# अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद कारोबारी गिरफ्तार

**सोने की तस्करी का मामला राजस्व निदेशालय ने की कार्रवाई**

**नवभारत, कटनी।** विदेशी सोने की तस्करी के तार जिले के सराफा बाजार से जुड़ने के बाद राजस्व खुफिया निदेशालय ने कार्रवाई करते हुए गोयनका ज्वेलर्स के संचालक अरुण कुमार गोयनका को अस्पताल से डिस्चार्ज होते ही गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार डीआरआई की टीम ने कटनी रेलवे स्टेशन पर छापेमारी कर दो लोगों को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 748.10 ग्राम विदेशी सोना बरामद किया गया। आरोपियों से मिली जानकारी के आधार पर डीआरआई की टीम सराफा बाजार स्थित गोयनका ज्वेलर्स पहुंचीऔर दुकान में सघन तलाशी ली। तलाशी के दौरान लगभग 100 ग्राम विदेशी गोल्ड बार और सोने के कटे हुए टुकड़े जब्त किए गए। कस्टम ड्यूटी और वैध आयात से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत न कर पाने पर पूरी सामग्री को सीमा शुल्क अधिनियम 1962 की धारा 110 के तहत जब्त कर लिया गया। सीमा शुल्क अधिनियम की धारा 108 के तहत पूछताछ के दौरान संचालक अरुण गोयनका की तबीयत बिगड़ गई थी, जिसके बाद उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल से छुट्टी मिलते ही डीआरआरई ने उन्हें कटनी न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। डीआरआरई अधिकारियों के अनुसार कटनी में एक बड़ा गोल्ड स्मगलिंग नेटवर्क सक्रिय है, जिसकी कड़ियां विदेशों तक जुड़ी हुई हैं। इस कार्रवाई के बाद से सराफा बाजार में हड़कंप और सन्नाटा है। डीआरआरई की टीम पूरे मामले की जांच कर रही है।

## एक नजर में

### नगर निगम में महापौर आज करेंगे जनसुनवाई

**नवभारत, कटनी।** कटनी। नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से मंगलवार 4 अगस्त को सुबह 11 बजे से दोपहर डेढ़ बजे बजे तक नगर निगम कार्यालय में महापौर जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। जनसुनवाई में शहरवासी अपनी शिकायतें, सुझाव एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन लेकर सीधे महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगे। प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों को तत्काल आवश्यक निर्देश जारी कर निराकरण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। महापौर श्रीमती सूरी कहा कि नगर निगम का प्रयास है कि नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जनसुनवाई के माध्यम से एक ही मंच पर सुनवाई और समाधान की दिशा में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। महापौर ने शहरवासियों से कहा है कि वे 4 अगस्त मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन प्रस्तुत करें और इस जनहितकारी पहल का लाभ उठाएं। महापौर द्वारा जनसुनवाई आयोजित किए जाने से एक ही मंच पर शहरवासियों की नगर निगम से जुड़ी समस्या का निराकरण हो जाता है।

# कार्यकर्ता के समर्पण पर निर्भर है संगठन की मजबूती

**प्रांत बैठक में किया गया तैयारियों पर मंथन**

**नवभारत, उमरियापान।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की जिला बैठक का आयोजन जिले में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। बैठक में आगामी 7 अगस्त से आयोजित होने वाली प्रांत बैठक की तैयारियों एवं संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में जिले भर से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। बैठक में संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों और समाज हित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने संगठन की विचारधारा को जन-जन तक



पहुंचाने और सेवा, सुरक्षा, संस्कार के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर प्रांत सह संयोजक राहुल दुबे ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती प्रत्येक कार्यकर्ता के समर्पण, अनुशासन और सक्रियता पर निर्भर करती है। उन्होंने आगामी प्रांत बैठक को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से पूर्ण मनोयोग के साथ तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। बैठक का समापन संगठन के उद्देश्यों के प्रति समर्पण के संकल्प के साथ हुआ। अंत में सभी कार्यकर्ताओं से आगामी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया।

# नल-जल योजना बंद होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

**स्थाई समाधान के आश्वासन पर समाप्त हुआ प्रदर्शन**

**नवभारत, बाकल।** जिले की बहोरीबंद जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत खम्हरिया के रिछारिया मोहल्ला में पेयजल संकट को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश सड़क पर फूट पड़ा। नल-जल योजना से कई दिनों से पानी की आपूर्ति बंद होने से नाराज महिलाओं और ग्रामीणों ने खाली बर्तन लेकर बाकल-इमलिया मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। करीब एक घंटे तक चले प्रदर्शन के दौरान सड़क पर यातायात पूरी तरह बाधित रहा। यात्री बसें, दोपहिया वाहन और अन्य वाहन जाम में फंस गए, जिससे राहगीरों और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि नल-जल योजना का



विद्युत बिल बकाया होने के कारण बिजली विभाग ने योजना का कनेक्शन काट दिया था। इसके चलते कई दिनों से पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप थी। मजबूरी में लोगों को हैंडपंप का सहारा लेना पड़ रहा है, लेकिन उससे निकल रहा पानी दूषित होने की शिकायत है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे पानी के उपयोग से जलजनित बीमारियों और संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है। चक्काजाम की सूचना मिलते ही बाकल थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस और प्रशासन ने संबंधित विभाग और वरिष्ठ अधिकारियों को मामले की जानकारी दी। इसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर नल-जल योजना का विद्युत कनेक्शन पुन: जोड़कर पेयजल आपूर्ति बहाल कराई गई। अधिकारियों द्वारा समस्या के स्थायी समाधान का आश्वासन दिए जाने के बाद ग्रामीणों ने आंदोलन समाप्त कर सड़क से जाम हटाया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में पेयजल व्यवस्था फिर बाधित हुई तो वे और उग्र आंदोलन करने को विवश होंगे। उनका कहना है कि मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है और इस प्रकार की लापरवाही आम लोगों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन रही है।

मामले में जनपद पंचायत बहोरीबंद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का पक्ष जानने के लिए मोबाइल फोन पर संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

# कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर बांटी मिठाइयां, जीत को बताया जनभावना

**दतिया उपचुनाव में मिली जीत का कांग्रेस ने मनाया जश्न**

**नवभारत, उमरियापान।** दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत से उत्साहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को उमरियापान में जोरदार जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी साझा की तथा आतिशबाजी कर विजय का




उत्सव मनाया। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि दतिया की जनता ने लोकतांत्रिक मूल्यों और विकास के पक्ष में अपना जनादेश दिया है।

उन्होंने इस जीत को प्रदेश में कांग्रेस के प्रति बढ़ते जनसमर्थन का संकेत बताते हुए कहा कि पार्टी आमजन के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास जारी रखेगी। जश्न के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी के समर्थन में नारे लगाए और एक-दूसरे को बधाई दी। कार्यक्रम में काफी संख्या में स्थानीय कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुस्तक परिवहन के नाम पर फर्जीवाड़े का आरोप

**परियोजना समन्वयक ने बीआरसी को जारी किया नोटिस**

**नवभारत, कटनी।** जिले के शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को समय पर नि:शुल्क पुस्तकें उपलब्ध कराने के लिए राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा तय रोड मैप और लाखों रुपए का बजट शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों की मिलीभगत से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। स्कूलों तक पुस्तकें सुरक्षित पहुंचाने के लिए बाकायदा ठेका जारी किया गया है, लेकिन हकीकत यह है कि ठेका कंपनी का काम खुद शासकीय स्कूलों के शिक्षक करने को मजबूर हैं।




जिलेभर से सामने आ रहे व्हाट्सएप स्क्रीनशॉट जन शिक्षा केंद्र पिपरोध और हीरापुर ने इस फर्जीवाड़े की पोल खोलकर रख दी है। जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा शिक्षकों को व्हाट्सएप ग्रुप में मैसेज भेजकर जन शिक्षा केंद्रों से खुद पुस्तकें ले जाने के कड़े निर्देश दिए जा रहे हैं।

पढ़ाई-लिखाई छोड़कर शिक्षक किताबें ढोने में लगे हैं। हद तो तब हो गई जब परिवहन ठेकेदार के बजाय शिक्षकों पर ही 'पुस्तक वितरण प्रमाण पत्र' जमा करने का दबाव बनाया जा रहा है, ताकि कागजी कोरम पूरा कर ठेकेदार को भुगतान का रास्ता साफ किया जा सके। सूत्रों के अनुसार जिले में पुस्तकों के सुचारू परिवहन के लिए 'जय माँ जालपा समूह' को लगभग 25 से 27 लाख रुपये का कार्यादेश (वर्क ऑर्डर) जारी किया गया है। इतनी बड़ी राशि का ठेका होने के बावजूद ठेका कंपनी सिर्फ इक्का-दुक्का जगहों पर दिखावे के लिए किताबें पहुंचा रही है। सवाल यह उठ रहा है कि जब परिवहन का पूरा काम शिक्षक ही कर रहे हैं, तो ठेका कंपनी को लाखों रुपये का भुगतान किस आधार पर किया जा रहा है। शिकायत दर्ज होने के बाद कलेक्टर आशीष तिवारी ने कड़ा रुख अपनाया है। कलेक्टर की फटकार के बाद विभाग में हड़कंप मच गया, जिसके कारण जिला परियोजना समन्वयक ने बीआरसी मनोज गौतम को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। स्थानीय जनशिक्षकों और ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस पूरे घोटाले की किसी निष्पक्ष एजेंसी से जांच कराई जाए, तो शिक्षा विभाग के अधिकारियों और ठेका कंपनी की सांठगांठ का एक बड़ा खुलासा हो सकता है।

फर्जीवाड़े के आरोप लगने और नोटिस जारी कर जवाब तलब करने के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। सूत्रों का कहना है कि जांच में आरोप सही पाए गए तो शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों पर कार्रवाई होना लगभग तय माना जहा रहा है।

# जबलपुर के गौरीघाट से नर्मदा जल लेकर पैदल निकली कांवड़ यात्रा

**दद्दा धाम घनश्याम बाग पहुंचे श्रद्धालु**

**नवभारत, बाकल।** सावन माह के प्रथम सोमवार पर भगवान शिव के प्रति अटूट आस्था का अनुपम दृश्य देखने को मिला। जबलपुर के पावन गौरीघाट से मां नर्मदा का पवित्र जल लेकर दद्दा शिष्य मंडल के श्रद्धालुओं ने भव्य पैदल कांवड़ यात्रा निकाली। ढोल-नगाड़ों, डीजे और शिवभक्ति के जयघोष के बीच निकली यह यात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई पूज्य संत श्री देवप्रभाकर शास्त्री 'दद्दा जी' की तपोस्थली दद्दा धाम घनश्यामबाग पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का



जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। यात्रा के दौरान कांवड़ियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालु पूरे मार्ग में 'हर-हर महादेव', 'बम-बम भोले' और 'जय भोलेनाथ' के जयघोष लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। भक्ति संगीत की मधुर धुनों और ढोल-नगाड़ों की गूंज से पूरा वातावरण शिवमय हो गया। जबलपुर से मां नर्मदा का पवित्र जल लेकर दद्दा धाम जा रहे कांवड़ियों का बाकल नगर में श्रद्धा और सम्मान के साथ भव्य स्वागत किया गया। नगरवासियों एवं समाजसेवियों ने पुष्पवर्षा कर कांवड़ यात्रियों का अभिनंदन किया तथा उनके लिए जलपान, फलाहार और पेयजल की व्यवस्था की। श्रद्धालुओं ने कांवड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की। स्वागत के दौरान पूरा नगर शिवभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। दद्दा शिष्य मंडल के सदस्यों ने बताया कि पूज्य संत श्री देवप्रभाकर शास्त्री 'दद्दा जी' की पावन स्मृति में पूज्य बड़े भैया अनिल शास्त्री के सानिध्य में सावन के प्रथम सोमवार पर मां नर्मदा का पवित्र जल लेकर कांवड़ यात्रा निकालने की परंपरा पिछले वर्ष प्रारंभ की गई थी। इस वर्ष इस धार्मिक आयोजन का द्वितीय वर्ष रहा। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की बढ़ती आस्था और सहभागिता को देखते हुए आगामी वर्षों में भी यह कांवड़ यात्रा निरंतर आयोजित की जाएगी।

# ताश पत्तों से हारजीत का दांव लगाते 11 गिरफ्तार

**नवभारत, कटनी।** जिले में अवैध जुआ-सट्टा खिलवाने वालों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाते हुए माधवनगर और एनकेजे थाना क्षेत्रों में ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। पुलिस ने तीन अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर ताश के पत्तों पर हार-जीत की बाजी लगा रहे 11 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से नगदी और ताश के पत्ते जब्त कर जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में लगातार गश्त कर जुआ फड़ों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

धर्म | जगत जननी मां शेरावाली श्रीराम दरबार के वार्षिक उत्सव में किए गए धार्मिक आयोजन

# जागरण में गूंजे भजनों में भाव-विभोर हुए श्रद्धालु, सुंदर झाकियां रहीं आकर्षण का केन्द्र

**नवभारत, बाकल।** श्री सनातन धर्म पंजाबी मंडल माधव नगर कटनी द्वारा दो दिवसीय धार्मिक आयोजन संस्था के मार्गदर्शक चमन लाल आनन्द, धर्मपाल खुराना, विनय कोहली, वीरेंन मैनी, डॉ जय चड्ढा, दीपक भल्ला, गुरुचरण जग्गी के नेतृत्व में प्रथम चरण में मां शेरावाली भगवान पुरुषोत्तम राम दरबार के साथ भोलेनाथ बाबा, काली माता की जीवित झांकियां के साथ शोभायात्रा में सैकड़ो नर नारीयां जय माता, दी जय माता दी, भगवान श्री राम की जय के उद्घोष के साथ नगर भ्रमण करते चल रहे थे जिसका नगर में धर्म प्रेमी जनता ने जगह-जगह फूल माला व प्रसाद वितरण कर स्वागत किया, सारी संगत ने बाबा माधव



शाह गुरुद्वारे में मत्था टेका। सुबह साढ़े दस बजे बजे मंदिर प्रांगण में स्वल्पाहार के साथ शोभा यात्रा का समाप्न हुआ। जिसके बाद श्रीसंकट मोचन रामायण मंडली विश्राम बाबा द्वारा पूजा अर्चना कर श्री अखंड रामायण पाठ प्रारंभ किया गया। अखंड रामायण पाठ में अगले दिन सुबह 11 बजे तक हवन पूजन कर आरती साथ महिला मंडल द्वारा भजन कीर्तन किया गया । अगले चरण के प्रारंभ में माधव नगर के विभिन्न गुरुद्वारों व मंदिरों में भंडारे का प्रसाद भेजा गया साथ ही कन्याओं व ब्राह्मणों को प्रसाद ग्रहण करवाने के आम जनता के लिए भंडारा प्रारंभ हुआ , जिसमें नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की जनता ने प्रसाद ग्रहण किया जो कि शाम 5 बजे तक चला जिसके बाद रात साढ़े दस बजे सुबह साढ़े दस बजे माता रानी का 36 वें विशाल भगवती जागरण एकता जागरण मंडल द्वारा प्रारंभ किया गया , जिसमें माता रानी के गुण गायक राजेश ग्रोवर, संजू नाकरा, संस्कार धानी जबलपुर से नयन कपूर और प्रयाग राज से श्रीमती पूजा केसरवानी द्वारा किया गया, जिसमें मां की पवित्र ज्योति प्रज्वलित कर भगवान गणेश जी की वंदना के बाद मुख्य अतिथि श्रीमती पलक नमित ग्रोवर अध्यक्ष नगर परिषद कैमोर, ग्रोवर परिवार से रमेश ग्रोवर, श्रीमती अनीता ग्रोवर, जगदीश ग्रोवर द्वारा माता रानी को चुन्नी चढ़ाई गई। मां के जागरण में पूरी रात भक्तों को सुंदर-सुंदर भेंटे सुना कर और सुंदर झांकियों के साथ प्रस्तुति दी गई। अगले दिन सुबह जागरण का सार ताराराणी जी की कथा के बाद प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में रोमेश खुराना, पवन खत्री, जसपाल अरोरा, राजेश धाम, वागीश आनन्द, दिनेश खुराना, मुकेश राजपूत, विकास नाकरा, दर्शन वर्मा, धीरज जग्गी, राजेश खानेचा, वासुदेव दुल्हानी, गुलशन वर्मा, जोगेन्दर अरोरा, महेश होतवानी, अमृत पसरीजा, हरीश गांधी, सन्नी खुराना, लक्की नीरज डोडानी, शिवम आनन्द, स्पर्श पसरीजा का योगदान रहा है। इस पूरे कार्यक्रम में पंजाबी समाज के ऊर्जावान सदस्य गण, पंजाबी महिला मंडल, मां आदिशक्ति मंदिर समिति समदड़िया कॉलोनी सहित व्यापारी संघ और शहर नागरिकों का सहयोग रहा।

# समग्र ई-केवाईसी कराने प्रदेश में दूसरे स्थान पर जिला

**नवभारत, कटनी।** शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र नागरिक तक पारदर्शी और समयबद्ध रूप से पहुँचे, इसके लिए चलाए जा रहे समग्र ई-केवाईसी अभियान में कटनी जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। कलेक्टर आशीष तिवारी की नियमित मॉनिटरिंग और लगातार समीक्षा के परिणामस्वरूप समग्र आईडी को आधार से लिंक कर ई-केवाईसी पूरा करने के मामले में जिले ने प्रदेश के 55 जिलों में दूसरा स्थान हासिल किया है। अभियान के तहत अब तक जिले के 12 लाख 40 हजार 227 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी पूरी कर ली गई है, जो कुल निर्धारित लक्ष्य का 95.6 प्रतिशत है। जिले में समग्र ई-केवाईसी के कार्य में नगर परिषद कैमोर अग्रणी है, जहां अब तक 14 हजार 391 नागरिकों की ई-केवाईसी पूरी कर ली गई है। वहीं जनपद पंचायत रीठी अपेक्षाकृत अंतिम पायदान पर है, जहां एक लाख 26 हजार 775 नागरिकों का सत्यापन कार्य पूरा किया गया है। नगर परिषद बरही में 13 हजार 422, नगर परिषद विजयराघवगढ़ में 8 हजार 247, नगर निगम 1 लाख 73 हजार 689 नागरिकों की ई-केवाईसी पूरी हो गई है।

